हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
**रोहतक**, शनिवार, 26 अप्रैल, 2025

**तापमान**
अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 23 .0 डिग्री

12 एक स्वर में गूंज रही आतंक को कुचलने की मांग



12 पहलगाम के मृतकों को श्रद्धासुमन अर्पित किए



## स्कूल भवन में वर्षों से चल रहा कॉलेज

# जमीन मिलने के बावजूद निर्माण में देरी शुरू नहीं हो रहा कॉलेज भवन का कार्य

### एक दशक पहले तत्कालीन सीएम मनोहरलाल ने की थी ब्वायज कॉलेज भवन की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

लगभग एक दशक पहले तत्कालीन सीएम मनोहरलाल ने ब्वायज कॉलेज की घोषणा की थी। दो साल बाद गर्ल्ज कॉलेज भवन में ही ब्वायज कॉलेज की कक्षाएं शुरू कर दी गई। जगह कम पड़ने के बाद इसे सीनियर सैकंडरी स्कूल के भवन में स्थानांतरित कर दिया, जो आज तक वहीं चल रहा है। कॉलेज बिल्डिंग को लेकर पहले जमीन नहीं मिली।

अब जमीन मिल चुकी है, तो नक्शे को आर्किटेक्ट दफ्तर से स्वीकृति का इंतजार लंबा खिंच रहा है। वर्ष 2015 में घोषणा के बाद ही गर्ल्ज कॉलेज की बिल्डिंग में वर्ष 2017 में ब्वायज कॉलेज शुरू किया गया था। जगही की कमी के कारण गर्ल्ज कॉलेज प्रबंधन ने ब्वायज कॉलेज प्रबंधन को कॉलेज वहां से शिफ्ट करने का फरमान सुनाया, तो कॉलेज सीनियर सैकंडरी स्कूल की पुरानी बिल्डिंग में शुरू किया गया। स्कूल की ओर से कॉलेज की कक्षाएं शुरू कराने के लिए पांच कमरे देने पर सहमति जताई गई थी। लगभग 400 छात्रों वाले कॉलेज को स्कूल में पांच कमरे अलॉट किए गए थे, जिनमें दो का इस्तेमाल प्रशासनिक यूज के लिए किया जाने लगा। बच्चें की संख्या ज्यादा होने के कारण विद्यार्थियों को अध्ययन में परेशानी का सामना तो करना ही पड़ रहा है, स्कूल के विद्यार्थियों को भी इससे दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। कॉलेज विद्यार्थियों को भवन के अभाव में स्कूली माहौल में ही शिक्षा ग्रहण करनी पड़ रही है। कॉलेज बिल्डिंग निर्माण का मामला काफी समय से उठ रहा है। इसकी राह में एक बार एक अड़चनें आती रही हैं। विधानसभा तक में मामला उठ चुका है। इसके बावजूद भवन निर्माण में लगातार देरी स्कूल और कॉलेज दोनों के विद्यार्थियों की परेशानी बढ़ाने का काम कर रही है।



रेवाड़ी। सीनियर सेकंडरी स्कूल का भवन जिसमें कॉलेज भी चल रहा है।

#### नक्शा पास होते ही बनेगा एस्टीमेट

*कॉलेज बिल्डिंग का नक्शा तैयार कराने के बाद आर्किटेक्ट ऑफिस भेजा हुआ है। वहां से स्वीकृति मिलने के बाद ही एस्टीमेट तैयार किया जाएगा। नक्शा स्वीकृत होने व बजट मिलने के बाद बिल्डिंग निर्माण कराने की प्रक्रिया जल्द शुरू की दी जाएगी। -सतेंद्र कुमार, एक्सईएन, पीडब्ल्यूडी।*

#### करना पड़ रहा परेशानी का सामना

*मैंने हाल ही में प्रचार्य का कार्यभार संभाला है। अभी बिल्डिंग निर्माण की प्रक्रिया की जानकारी नहीं है। बिल्डिंग के अभाव में विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। -राजबीर सिंह, प्राचार्य।*

#### पंचायत विभाग ने पहले लौटा दी थी फाइल

ग्राम पंचायत लिसाना की ओर से 14 अक्टूबर 2022 में एक पस्ताव पास करके कॉलेज भवन के लिए 10 एकड़ जमीन देने पर सहमति जताई थी। इस प्रस्ताव को जिला प्रचायत विकास विभाग की ओर से डीजी मुख्यालय भेजा गया था, जिसे आपत्ति लगाकर वापस भेज दिया गया था। उस समय डीजी ऑफिस से प्रेषित पत्र के अनुसार प्रस्ताव में इस बात जिक्र नहीं किया गया है कि किस किला में उच्चतर शिक्षा विभाग को कितनी जमीन दी जानी है। पंचायत के 14 अक्टूबर 2022 के प्रस्ताव में संबंधित विभाग को 10 एकड़ जमीन दिए जाने का उल्लेख किया गया है, जबकि केस 8 एकड़, 1 कनाल व 8 मरला जमीन का बनाया गया है।

#### दोबारा मांगा गया था पंचायत से प्रस्ताव

पत्र के अनुसार जमीन के निरीक्षण की रिपोर्ट 10 एकड़ की भेजी गई है, जबकि प्रस्ताव में कम जमीन का उल्लेख किया गया है। साथ ही ग्राम सभा में पारित प्रस्ताव में इस बात का जिक्र नहीं किया गया है कि ग्राम सभा में कुल कितने सदस्य हैं। अक्स व सिजरा में प्रस्तावित भूमि के उत्तर में लगने वाली जमीन का कोई उल्लेख नहीं किया गया है। पत्र में इस बात की जानकारी मांगी गई है कि संबंधित विभाग को जमीन देने के बाद पंचायत की शेष जमीन तक कौन-सा रास्ता लगेगा। वर्तमान अक्स सिजरा में इसका कोई जिक्र नहीं किया गया है। इसके लिए दोबारा प्रस्ताव भेजने को कहा गया था।

#### शिक्षा विभाग के नाम हो चुकी जमीन

ग्राम पंचायत की ओर से 8 एकड़ जमीन उच्चतर शिक्षा विभाग के नाम कराई जा चुकी है। कॉलेज की बिल्डिंग बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी ओर से नक्शा तैयार कराने के बाद इसे आर्किटेक्ट कार्यालय भेजा हुआ है। नक्शे को स्वीकृति मिलने के बाद ही पीडब्ल्यूडी की ओर से अनुमानित लागत तैयार करने के बाद उसे शिक्षा विभाग को भेजा जाएगा। यह फाइल कई दिनों से आर्किटेक्ट ऑफिस में ही अटकी हुई है, जिस कारण बिल्डिंग निर्माण की प्रक्रिया शुरू कराने में देरी हो रही है। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव विधानसभा में भी मामला उठा चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन में यात्री की नकदी और सामान चोरी

**रेवाड़ी।** सिरसा एक्सप्रेस में दिल्ली कैंट से आ रहे एक रेल यात्री की नकदी व सामान चोरी हो गया। महेंद्रगढ़ निवासी मनोज कुमार ने जीआरपी सिरसा को दर्ज शिकायत में बताया कि दिल्ली से रेवाड़ी आते समय हर्ट की दवा लेने के कारण उसे नींद आ गई। रास्ते में किसी यात्री ने उसका सामान चोरी कर लिया, जिसमें एक पर्स था। पर्स में 2 हजार रुपये, अंगूठी व मोबाइल फोन थे। उसके जेब से भी 23 हजार रुपये निकाल लिए गए। सिरसा जीआरपी ने जीरो एफआईआर प्रेषित की, जिसके आधार पर स्थानीय जीआरपी थाने में चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की गई है।

### सड़क हादसे का आरोपी वाहन चालक गिरफ्तार

**कोसली।** थाना कोसली पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार हुए एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने स्कूटी की टक्कर से घायल हुए व्यक्ति के बयान पर 22 अप्रैल को चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। हादसे के बाद स्कूटी चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद इस मामले में कोसली निवासी जयबीर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से स्कूटी भी बरामद की गई है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दुकान का शटर उखाड़ कर नकदी कर ली चोरी

**बावल।** बावल के कटला बाजार में चोर एक दुकान का शटर उखाड़कर नकदी चोरी कर ले गए। कटला बाजार में किरयाने की दुकान चलाने वाले ताराचंद ने बताया कि वह दुकान बंद करने के बाद घर चला गया था। उसके पड़ोसी दुकानदार ने फोन पर उसे दुकान का शटर उखड़ा होने की सूचना दी। जब वह दुकान पर आया तो गल्ले में रखे लगभग 7 हजार रुपये गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए चोरी का केस दर्ज कर लिया। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### मकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी, केस दर्ज

**रेवाड़ी।** विजय नगर में चोर दिनदहाड़े एक मकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में अमृत कुमार ने बताया कि उसने अपनी बाइक मकान के बाहर गली में खड़ी की थी। दोपहर करीब 1 बजे बाइक खड़ी करने के बाद वह घर के अंदर चला गया। करीब डेढ़ घंटे बाद जब वह मकान से बाहर आया तो उसे बाइक नहीं मिली। आसपास काफी पूछताछ करने के बाद भी उसकी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### सामान लेने के आए युवक मोबाइल फोन लेकर फरार

**रेवाड़ी।** विजय नगर में एक जनरल स्टोर पर सामान लेने के लिए बाइक सवार तीन युवक मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस शिकायत में पीवरा की ढाणी निवासी राजकुमार ने बताया कि उसकी विजय नगर में जनरल स्टोर की दुकान है। उसकी दुकान पर बाइक सवार तीन युवक आए। उनमें से एक ने सिगरेट मांगी। उसने सिगरेट दे दी। इसके दूसरे ने गुटखा मांगा। जब वह दुकान के अंदर से गुटखा लाने के लिए गया, तो वह काउंटर पर रखा उसका मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। तीनों कर्नल रामसिंह चौक की ओर भाग गए। उसने बाइक का नंबर देखने का प्रयास किया, परंतु वह नंबर नहीं देख पाया। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

# युद्ध वीरांगनाओं को 16 दिसंबर को किया जाएगा सम्मानित

- कै. अजय यादव ने समिति के पदाधिकारियों की बैठक ली और सभी को जिम्मेदारी सौंपी

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

विजय दिवस एवं रेजांगला शहीदी समारोह सम्मान समिति की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 16 दिसंबर को विजय दिवस के मौके पर रेजांगला पार्क में शौर्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। समिति की ओर से शहीदों की वीरांगनाओं, रण बांकुरो योद्धाओं तथा जीवन में विशिष्ट उपलब्धियां हांसिल करने वाले नागरिकों को भी सम्मानित किया जाएगा। कैप्टन अजय सिंह यादव ने अपने निवास स्थान मॉडल टाउन रेवाड़ी में समिति के पदाधिकारियों की बैठक ली और सभी को जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि हमारे सैनिकों की वीरता व उनका रण कौशल अति सरहानीय है। हमारी सेनाएं विश्व की सर्व क्षेष्ठ सेनाए हैं।

वर्ष 1971 में भारत-पाक युद्ध के दौरान 16 दिसंबर को भारत ने विजय हांसिल की थी और उसी दिन से यह दिन हर वर्ष विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 1971 में हुए भारत-पाक युद्ध में पाकिस्तानी सेना पराजित हुई और 16 दिसंबर 1971 को ढाका में आत्मसमर्पण कर दिया था। हमारे सैनिकों की वीरता अद्वितीय है तथा पूरा विश्व भारतीय सेना का लोहा मानता है। श्री यादव ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सेना के साथ धोखा किया है। उन्होंने रेवाड़ी की धरती से ही अपनी रैली में घोषणा की थी कि वन रैंक वन पेंशन को लागू किया जाएगा। लेकिन आज तक अपना वायदा पूरा नहीं किया।

#### फौज में भर्ती होने का रखते हैं मादा

इसके अलावा हमारे देश के युवा जो फौज में भर्ती होने का माद्दा रखते हैं और दुश्मनों को धूल चटाने का दम रखते हैं। उनके लिए देश में अग्निपथ योजना लागू करके देश के युवाओं के साथ भी धोखा किया है। समिति के महासचिव डॉ रामफल यादव ने बताया समारोह के दौरान स्कूल और कॉलेजों के छात्रों द्वारा देशभक्ति पर आधारित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएगें। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष कमांडेंट आरके यादव, कमांडेंट रामपाल, सचिव कुलदीप यादव, सचिव रामोतार यादव इत्यादि मौजूद रहे।

### आरोपी तीन साल बाद काबू

**रेवाड़ी।** सीआईए ने नशीले पदार्थ उपलब्ध कराने के मामले में एक आरोपी को करीब तीन साल बाद गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। पुलिस ने 18 जुलाई 2022 को विजय नगर में रहने वाले मूल रूप से टांकड़ी निवासी भूपेंद्र उर्फ मोनू को 400 ग्राम गांजे के साथ शिव नगर से गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया था। भूपेंद्र ने बताया था कि उसे नशीला पदार्थ नूंह के पीपाका निवासी शहबाज ने उपलब्ध कराया था। पुलिस जांच में यह बात भी सामने आई थी कि एक अन्य केस में भी शहबाज ने ही नशीला पदार्थ मुहैया कराया था। सीआईए ने आरोपी शहबाज को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### खेत में बने मुर्गी फार्म पर तोड़फोड़, कई आरोपियों पर केस दर्ज

**रेवाड़ी।** बीकानेर गांव के पास एक मुर्गी फार्म पर तोड़फोड़ करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में सदर थाना पुलिस ने चार नामजद सहित कई युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस शिकायत में गंगायचा अहीर निवासी मनसाराम ने बताया कि उसने बीकानेर श्मशान घाट के पास अपनी जमीन पर मुर्गी फार्म किया हुआ है। मुर्गी फॉर्म पर उसी के गांव के रहने वाले राहुल, प्रदुमन, प्रवीण व ध्वज तीन-चार अन्य युवकों के साथ पहुंच गए। उसने आरोप लगाया कि इन लोगों ने फार्म के गेट पर ट्रैक्टर से टक्कर मारी। इसके बाद ट्रैक्टर अंदर घुसाते हुए इन युवकों ने फार्म में तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। अंदर खड़ी उसकी पिकअप गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। इसी दौरान उसने पुलिस को फोन कर दिया। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही आरोपी उसे मारने की धमकी देकर भाग गए। पूरी घटना फार्म पर सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई।

# गला घोंटकर युवक की हत्या, शव जोहड़ में फेंका

- पांच दोस्तों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

पांच दिन से घर से लापता हुए नांगल जमालपुर के युवक का शव फिदेड़ी जोहड़ से बरामद होने के बाद पुलिस ने उसके पांच दोस्तों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश व हत्या के कारणों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

नांगल जमालपुर निवासी सौरव घर से कंपनी में काम की तलाश के लिए निकला था। जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। उसका कोई पता नहीं चल सका। इधर, फिदेड़ी गांव के जोहड़ से वीरवार को एक युवक का शव मिला था। पुलिस ने शव को जोहड़ से निकलवाने के बाद उसकी शिनाख्त कराने के प्रयास शुरू किए थे। मौके पर सीन ऑफ क्राइम टीम को भी बुलाया गया था। मृतक के गले पर निशान पाए गए थे। शव को सामान्य अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया गया। मृतक के हाथ पर सौरव जाट लिखा हुआ था। बाद में नांगल जमालपुर निवासी लक्ष्मण सिंह ने सामान्य अस्पताल पहुंचकर शव देखा तो यह उसके बेटे सौरव का निकला।

#### सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही

*लक्ष्मण ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि सौरव की उसी के गांव निवासी लाला, बुड़ौली निवासी प्रियांशु व सचिन, धवाना निवासी मयंक व हांसाका निवासी आकाश से दोस्ती थी। उसे संदेह है कि इन्हीं लोगों ने मिलकर उसके बेटे को मौत के घाट उतारा है। बाद में शव को जोहड़ में डाल दिया गया। दूसरी ओर थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि सौरव की हत्या गला घोंटकर करने की पुष्टि हुई है। अभी आरोपियों में से कुछ को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जोहड़ के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि हत्यारों का पता चल सके।*

# चार्ज संभालने के बाद एसपी पहुंचे ब्रांच ऑफिस सभी शाखाओं की कार्यप्रणाली को परखा


- हेमेंद्र कुमार मीणा का पदभार संभालने के बाद पहला दिन
- ऑफिस की सभी ब्रांच में जाकर स्टाफ सदस्यों से मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

एसपी एचके मीणा ने पदभार संभालने के बाद शुक्रवार को एसपी ऑफिस की सभी ब्रांचों में जाकर न सिर्फ दस्तावेजों का निरीक्षण किया, बल्कि उन्होंने स्टाफ के सदस्यों से कामकाज से संबंधित जानकारी भी हासिल की।

उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से मिलकर अपनी-अपनी शाखाओं के कामकाज में निखार लाने के निर्देश दिए। एसपी ने शिकायत शाखा में शिकायतों के निपटान के संबंध में कार्यप्रणाली का जायजा लिया गया और शिकायतों को संबंधित थाना, चौकी, विशेष यूनिट व पर्यवेक्षण अधिकारियों के पास समय से भेजकर शिकायतकर्ता की समस्या का उचित समाधान करवा कर उसे समय पर न्याय दिलवाने के निर्देश दिए गए।

सुरक्षा शाखा में विदेशी नागरिकों से संबंधित सत्यापन, पासपोर्ट व अन्य विभिन्न प्रकार की पुलिस वेरिफिकेशन की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया और सभी प्रकार के सत्यापन तय समय से करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी शाखाओं का बारीकी से निरीक्षण करते हुए वहां तैनात कर्मचारियों को साफ- सफाई व स्वच्छता के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने किसी भी कार्य को अनावश्यक लंबित न रखने तथा कार्यालय के रिकॉर्ड को दुरुस्त रखने की भी हिदायत दी।



रेवाड़ी। शाखा का निरीक्षण व कर्मचारियों से बातचीत करते हुए एसपी एचके मीणा। फोटो: हरिभूमि

#### आमजन से सभ्य व्यवहार करने पर जोर

एसपी मीणा ने सभी शाखा प्रभारियों को अपना काम निष्ठापूर्वक करने तथा आमजन के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने व आमजन से सभ्य व्यवहार करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान मुख्य लिपिक निरीक्षक सुनीता देवी, इंचार्ज सुरक्षा शाखा एएसआई सतपाल, प्रवाचक पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी एएसआई तेजपाल, सेना लिपिक एएसआई अरुण कुमार सहित विभिन्न शाखाओं के इंचार्ज व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# केबल ऑपरेटर पर कोर्ट ने लगाया जुर्माना

- बिजली के खंभों पर बिछाई थी केबल, बिजली निगम ने करवाई थी एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

बिजली के खंभों पर केबल बिछाने के एक आरोपी ऑपरेटर पर लोक अदालत ने 8 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। बिजली निगम की ओर से ऑपरेटर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इस मामले का निपटारा ओपन कोर्ट में किया गया।

निगम की ओर से 8 नवंबर 2023 को एसडीओ ने विकास नगर में बिजली के खंभों पर केबल बिछाने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें केबल ऑपरेटर ओमप्रकाश को आरोपी बताया गया था। इससे पूर्व बिजली निगम की ओर से ऑपरेटर को नोटिस भी दिया गया था, परंतु उसने केबल नहीं हटाई। सिटी पुलिस ने केबल ऑपरेटर के खिलाफ बिजली अधिनियम के तहत केस दर्ज करने के बाद उसके खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दायर की थी। इस मामले में ओपन कोर्ट में सुनवाई के लिए लिया गया था।

मामले की सुनाई के दौरान कोर्ट ने आरोपी ओमप्रकाश को अवैध तरीके से बिजली के खंभों पर केबल लगाने का दोषी मानते हुए उस पर 8 हजार रुपये जुर्माना किया गया। जुर्माना अदा नहीं करने पर आरोपी को एक माह के कारावास की सजा भुगतनी होगी।




रेवाड़ी। जिला कोर्ट परिसर का फोटो।

## अधिकारियों को अक्षय तृतीया पर विवाह पर नजर रखने के निर्देश

# बाल विवाह की आशंका, प्रशासन अलर्ट मोड पर

- लोगों को जागरूक करने के लिए उठा रहे कदम
- 30 अप्रैल को अबूझ साया होने के कारण होंगी कई शादियां

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

आगामी 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन अबूझ साया होने के कारण बड़ी संख्या में जोड़े शादी के बंधन में बंधने जा रहे रहे हैं। इस अबूझा साए के दिन बाल विवाह होने की आशंका भी बनी रहती है, जिसे टालने के कारण जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है।

इस मामले में शुक्रवार को डीसी अभिषेक मीणा ने अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया पर होने वाले सामूहिक विवाह, जिसमें बाल विवाह होने की संभावना होती है, उसके रोकथाम के लिये विशेष जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रदान करना है।

उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य देश भर में बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करना युवा लड़कियों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। डीसी ने कहा कि अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा नजर रखी जा रही है। इसमें सभी सरकारी स्कूल और कॉलेज में विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अक्षय तृतीया जैसे अवसरों पर संभावित बाल विवाह की घटनाओं को रोकने के लिए एक सशक्त, समन्वित और बहुस्तरीय योजना बनाई है।



रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

#### सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित

इसमें न केवल सरकारी तंत्र बल्कि समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि बाल विवाह को रोका जा सकें। उन्होंने बताया कि अक्षय तृतीया के अवसर पर 30 अप्रैल को विवाह करवाने वाले पुजारी, पाठी, गांव के पंच, सरपंच, नंबरदार व शहरों में नगर पार्षदों एवं सामुदायिक केन्द्र, सार्वजनिक भवन, बैंकट हाल, मैरिज पैलेस, धर्मशाला इत्यादि के मालिक/प्रभारियों कार्ड प्रिंटिंग, फोटोग्राफर, बैंड बाजा व टेंट हाउस के संचालकों सहित जिला की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए है कि वे अपने क्षेत्र में आयोजित होने वाले विवाह समारोह के संबंध में पहले से दूल्हा व दुल्हन के आयु प्रमाण पत्रों की जांच कर लें व आयु प्रमाण पत्रों की एक प्रति अपने पास भी रखे।

#### जुर्माना व जेल की सजा का प्रावधान

भिषेक मीणा ने बताया कि विवाह के लिए लडकी की शादी की उम्र 18 वर्ष व लडके की शादी की उम्र 21 वर्ष निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व विवाह करना कानून्न अपराध है। नियम के तहत बाल विवाह के आयोजन में भागीदार सभी लोगों पर कानूनी कार्यवाही किए जाने का भी प्रावधान है, जिसके तहत 2 साल की जेल व एक लाख रुपये तक के जुमार्ने का भी प्रावधान है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह के आयोजन के संबंध में पुलिस थाना, चौकी में, आंगनवाड़ी वर्कर, डब्ल्यू सीडीपीओ, बाल संरक्षण अधिकारी, डीपीओ, महिला एवं बाल विकास, एसडीएम, बीडीपीओ, तहसीलदार, सीटीएम, पुलिस अधीक्षक व बाल विवाह निषेध अधिकारी को शिकायत की जा सकती है।

#### इन नंबरों पर दें बाल विवाह की सूचना

- ⏭पुलिस कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर 112
- ⏭चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098
- ⏭महिला हेल्पलाइन नंबर 181


एक कठफोड़वा प्रति सेकंड की दर से पेड़ में 20 बार अपनी चोंच मार सकता है।


दरियाई घोड़ा इंसानों की तुलना में तेजी से दौड़ सकते हैं और इनके पसीने का रंग गुलाबी होता है।

# आंकड़ों की अच्छी समझ है तो बनाए इन क्षेत्रों में कॅरियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

दुनियाभर में डेटा का इस्तेमाल बढ़ रहा है, इसके साथ ही ऐसे विशेषज्ञों की मांग बढ़ रही है जो इसे समझ भी सकें और समझा भी सकें। डेटा की जरूरत को देखते हुए अब सांख्यिकी में पढ़ाई करने वालों को कई तरह की प्रोफाइल पर काम करने के मौके मिल रहे हैं। आंकड़ों को समझने का हुनर और उसे आसान भाषा में समझाने की खूबी कॅरियर को नई उड़ान दे सकती है। स्टेटिस्टिक्स यानी सांख्यिकी ऐसा ही एक विषय है। जैसे-जैसे कंज्यूमर डेटा की मांग बढ़ रही है, वैसे-वैसे सांख्यिकी के जानकारों को कॅरियर में नए मौके मिल रहे हैं। डेटा का विश्लेषण करना, इससे पॉलिसी बनाना, आर्थिक सर्वे करना इसके विशेषज्ञों का काम है। कोई भी सर्वे सांख्यिकी डेटा के बगैर संभव नहीं है।

## योग्यता

सांख्यिकी में कॅरियर बनाने के लिए 12वीं में कॉमर्स या गणित होना अनिवार्य हैं। परीक्षा कम से कम 50 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण होनी चाहिए। 12वीं के पास सांख्यिकी में ग्रेजुएशन और मास्टर्स कर सकते हैं। कुछ संस्थानों में सीधे दाखिला मिलता है। वहीं, कुछ इंस्टीट्यूट प्रवेश परीक्षा के आधार दाखिला देते हैं। दिल्ली, बेंगलुरू और कोलकाता के इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टीट्यूट, से पढ़ाई की जा सकती है। दिल्ली यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, सीआर राव एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ मैथमेटिक्स, स्टैटिस्टिक्स एंड कम्प्यूटर साइंस, हैदराबाद से स्टडी कर सकते हैं।

### 0-डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर

एक डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर डाटा को कैटेगरीवाइज ऑर्गेनाइज करने का काम करता है। डाटा का बैकअप रखना और उसकी सिक्योरिटी पर नजर रखना भी डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर का ही काम है। इसके अलावा ये विशेषज्ञ स्टेकहोल्डर को डाटा एक्सेस करने में मदद करते हैं। यह तय करते हैं कि परमिशन दी जाएगी या नहीं। डेटा को तकनीक की मदद से बेहतर तरीके से पेश करते हैं।

## 0-फाइनेंशियल एनालिस्ट



सांख्यिकी में पढ़ाई के लिए फाइनेंशियल एनालिस्ट के तौर पर भी कॅरियर बना सकते हैं। एक फाइनेंशियल एनालिस्ट बैलेंस शीट की एनालिसिस करता है। बताते हैं कि कंपनी और क्लाइंट को कब और कहां निवेश करने की जरूरत है। कंपनी और क्लाइंट के स्टॉक और बॉन्ड की जानकारी रखते हैं और उसकी एनालिसिस करके परिणाम के आधार पर सलाह देकर फायदा पहुंचाते हैं।

### मार्केट रिसर्चर

एक मार्केट रिसर्चर प्रोडक्ट और सर्विस को लेकर इंडस्ट्री के रुख को समझते हैं। उसके आधार पर भविष्यवाणी करते हैं। ये मार्केट में ट्रेंड को समझते हैं। कंपनियों को बताते हैं कि कंज्यूमर की जरूरत क्या है और क्या चलन से बाहर हो रहा है। आंकड़ों की मदद से ये जानकारी देते हैं। मार्केट से डेटा को इकट्ठा करके उसे चार्ट और रिपोर्ट के रूप में पेश करते हैं।

## डेटा साइंटिस्ट



अगर डेटा साइंटिस्ट बनना चाहते हैं तो स्टेटिस्टिक्स आपके लिए एक सबसे जरूरी विषय साबित होगा। आंकड़ों का डेटा सेट बनाना, डेटा मॉडल तैयार करना, पैटर्न और ट्रेंड को समझना एक डेटा साइंटिस्ट का काम होता है। एक डेटा साइंटिस्ट स्टेस्टिकल मॉडल को तैयार करने के साथ उसे लागू करने का काम भी करता है। यही वजह है कि डेटा साइंटिस्ट की मांग तेजी से बढ़ रही है।

एक सांख्यिकीविद का काम पिछले डेटा का विश्लेषण करना होता है। इसकी मदद से पॉलिसी मेकर्स नई पॉलिसी बनाते हैं। प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर में सांख्यिकी के जानकारों की मांग बढ़ रही है। हर साल 29 जून को नेशनल स्टेस्टिटिक्स डे भी मनाया जाता है।

मौसम या वातावरण के वैज्ञानिक अध्ययन को कहा जाता है मौसम विज्ञान


# 12वीं के बाद मौसम विभाग में बनाएं अपना कॅरियर, इस फील्ड में है काफी स्कोप

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

दुनिया में हर दिन बदलते मौसम को लेकर सभी देश चिंतित हैं। क्योंकि प्राकृतिक घटनाओं पर हमारा नियंत्रण नहीं है। हालांकि मौसम वैज्ञानिक आने वाले प्राकृतिक खतरे को भांप लेते हैं। मौसम वैज्ञानिक के पूर्वानुमान से लोगों की जिंदगी को बचाया जा सकता है, या फिर इस परेशानी को कुछ हद तक कम किया जा सकता है। ऐसे में अगर आप स्टूडेंट है तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप मौसम वैज्ञानिक कैसे बन सकते हैं और इसमें कितने प्रकार का कोर्स होता है।

## ग्रेजुएट स्तर पर तीन साल का कोर्स



### क्या है मौसम विज्ञान



बता दें कि मौसम या वातावरण के वैज्ञानिक अध्ययन को मौसम विज्ञान कहा जाता है। यह मौसम की क्रिया-प्रतिक्रिया, पूर्वानुमान पर आधारित होता है। इसके तहत कई विषयों पर शोध व अध्ययन किया जाता है।

### एग्रीकल्चर मीटियोरोलॉजी

फसलों की पैदावार और उससे होने वाले फायदे व नुकसान का आंकलन मौसम के अनुरूप दी जाती है। मौसम के हिसाब से गाइडलाइन जारी की जाती है। जिसमें मिट्टी प्रबंधन के लिए उपयोगी समय और फसलों की पैदावार का आंकलन किया जाता है।

### फिजिकल मेटियोरोलॉजी

इसमें मौसम के इलेक्ट्रिकल, ध्वनिक, ऑप्टिकल और थर्मोडायनामिक घटनाओं का अध्ययन किया जाता है।

### सैटेलाइट मेटियोरोलॉजी

सैटेलाइट मेटियोरोलॉजी में सैटेलाइट के माध्यम रिमोट सेंसिंग उपकरणों से आने वाले डाटा के आधार पर महासागर और वायुमंडल का अध्ययन किया जाता है।

### डाइनामिक मेटियोरोलॉजी

इस विषय में पृथ्वी और उसके आसपास वायु की गति का अध्ययन होता है। इसके साथ ही बादल, बारिश, तापमान और हवा के पैटर्न पर भी अध्ययन होता है। जो मनुष्य को प्रभावित करती है।

## हमारे देश में मौसम वैज्ञानिकों की भारी कमी

### सिनॉप्टिक मेटियोरोलॉजी

स विषय में मौसम संबंधी बाधाओं जैसे ट्रापिकल साइक्लोन, एंटी साइक्लोन और फ्रंटल डिप्रेशन का बारीकी से अध्ययन किया जाता है। कम दबाव के क्षेत्र में वायु, चक्रवात, क्षेत्र, जल और दबाव स्तर से एकत्र होने वाला मैप जो कि पूरी दुनिया के मौसम का सिनाप्टिक व्यू को बताता है।

### क्लाइमेटोलॉजी

क्लाइमेटोलॉजी के जरिए जलवायु और उससे जुड़ी चीजों का अध्ययन किया जाता है। जलवायु के प्रभाव और उसके बदलवा पर भी शोध किया जाता है।

### एविएशन मेटियोरोलॉजी

एविएशन मेटियोरोलॉजी पर एविएशन इंडस्ट्री के नजरिए से मौसम का शोध होता है। वहीं प्राप्त आंकड़े से पूर्वानुमान लगाया जाता है।

### कोर्स और योग्यता

हमारे देश में आज भी मौसम वैज्ञानिकों की भारी कमी है। इस बात को ध्यान में रखते हुए देश के बहुत से कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में मीट्रिओलॉजी संबंधित कोर्स चलाए जा रहे हैं। जो युवा इस क्षेत्र में भविष्य बनाना चाहते हैं, वे इसमें अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट योग्यता हासिल कर सकते हैं। अंडग्रेजुएट कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से विज्ञान वर्ग भौतिकी, जीव विज्ञान और रसायन विज्ञान से 12वीं पास होना जरूरी है। ग्रेजुएट स्तर का कोर्स तीन साल का है। अगर आप इसमें पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री लेना चाहते हैं तो इसके लिए किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से आपका बीएससी होना जरूरी है।

मेमोरी शार्प करने के तरीके

# रटने की जगह इन टिप्स की मदद से करेंगे पढ़ाई तो लंबे समय तक याद रहेंगे चैप्टर

**अक्सर छात्रों के** साथ यह समस्या होती है कि वह चाहे कितना भी प्रयास कर लें, लेकिन उनके द्वारा याद किए हुए चैप्टर्स याद नहीं रहते। या फिर जो वह पढ़ते हैं यदि वह याद भी रहा तो एग्जाम के समय सब भूल जाते हैं। अगर आपके बच्चे के साथ भी इस तरह की समस्या तो यह आर्टिकल आपके लिए है। बता दें कि इस आर्टिकल के जरिए आज हम आपको पढ़ाई करने के कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्हें फॉलो कर आप अपनी मेमोरी को शार्प कर सकते हैं। आइए जानते हैं इन टिप्स के बारे में...

### नोट्स जरूर बनाएं

स्टूडेंट्स को पढ़ाई करते समय कॉपी पेन लेकर जरूर बैठना चाहिए। साथ ही आप जरूरी प्वाइंट्स को नोट करते हुए चलें। ऐसा करने से आपको चीजें लंबे समय तक याद रहेंगी। क्योंकि लिखकर बनाए गए नोट्स ज्यादा समय तक आपके दिमाग में टिकती हैं।

### जरूर लें ब्रेक्स

जब आप लगातार कई घंटो तक पढ़ाई करते रहते हैं तो आपका ब्रेन थक जाता है और रिटेन नहीं कर पाता है। ऐसे में जरूरी है कि आप हर आधे घंटे में खुद को 5 मिनट का ब्रेक दें। इससे आपके ब्रेन को भी आराम मिलेगा और पढ़ा हुआ लंबे समय तक याद रहेगा।

### फोकस रहें

जब आप पूरे फोकस के साथ पढ़ाई करते हैं तो आपको चीजें ज्यादा समय के लिए याद रहती हैं। लेकिन जब आपका ध्यान कहीं और होता है तो आप पढ़ा हुआ भूल जाते हैं। फोकस के साथ पढ़ाई करने से आप ज्यादा से ज्यादा इंफॉर्मेशन को अधिक समय तक याद रख पाएंगे।

### रिवीजन करें

पढ़ी हुई चीज को याद रखने का सबसे अच्छा तरीका है कि जो भी आप पढ़ रहे हैं, उसे दूसरों को भी समझाएं व पढ़ाएं। ऐसा करने से आपका रिवीजन होता है। या आप चाहें तो अपेन किसी दोस्त के साथ पढ़े हुए चैप्टर्स पर चर्चा कर सकते हैं। इससे पढ़ा हुआ चैप्टर भूलने की संभावना न के बराबर होती है।

### रिलेट करें

किसी भी चीज को पढ़ते समय कोशिश करें कि आप उसे रियल लाइफ से रिलेट कर पाएं। इससे याद किया हुआ पक्का हो जाता है। इस तरह से पढ़ने से आप पढ़े हुए चैप्टर्स को अच्छे से समझ पाएंगे और लंबे समय तक याद भी रख पाएंगे।

### रटने की कोशिश न करें

कई स्टूडेंट्स चैप्टर्स को रटने की कोशिश करते हैं। ऐसे में चैप्टर को अच्छे से समझ कर पढ़ना चाहिए। रट्टा मारने की कोशिश न करें। क्योंकि रट्टा मारने से आपको लंबे समय तक पढ़ी हुई चीजें याद नहीं रहेंगी, इसलिए समझना जरूरी है।

### गोल्स जरूर बनाएं

हर छात्र को अपने जीवन में गोल्स जरूर बनाने चाहिए। हर हफ्ते छोटे-छोटे गोल्स जरूर बनाएं। फिर इन गोल्स को पूरा करने का प्रयास करें। ऐसा करने से भी आपको एग्जाम के दौरान स्ट्रेस नहीं होगा। पढ़ा हुआ भी लंबे समय तक याद रहेगा।

# हमारे राष्ट्र की सुरक्षा: आतंकवाद जैसी घटनाओं से निपटने के लिए बड़ी प्रेरणा



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आप हमारे देश का भविष्य हैं। आपकी ऊर्जा, उत्साह और ज्ञान ही वह शक्ति है जो हमारे राष्ट्र को मजबूत और सुरक्षित बनाएगी। आज, जब हम आतंकवाद जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, यह जरूरी है कि आप न केवल अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों पर ध्यान दें, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा में भी अपनी भूमिका समझें। आतंकवाद और अन्य प्रतिकूल परिस्थितियाँ हमें कमजोर करने की कोशिश करती हैं, लेकिन यह हमारा दायित्व है कि हम इनका डटकर मुकाबला करें और अपने देश को सुरक्षित रखें। इस लेख में, हम करेंगे कि आप, एक विद्यार्थी के रूप में, अपने देश की सुरक्षा में कैसे योगदान दे सकते हैं।

## छात्रा के रूप में आप दे सकते हैं बड़ा योगदान

### 1. जागरूकता : पहला कदम सुरक्षा की ओर

- राष्ट्र की सुरक्षा की शुरुआत जागरूकता से होती है। आतंकवाद और अन्य खतरों से निपटने के लिए हमें अपने आसपास के माहौल को समझना होगा।
- **सतर्क रहें**: अपने आसपास होने वाली असामान्य गतिविधियों पर नजर रखें। अगर आपको कुछ संदिग्ध लगे, तो तुरंत स्थानीय पुलिस या प्रशासन को सूचित करें।
- **सोशल मीडिया पर सावधानी**: आतंकवादी और असामाजिक तत्व अक्सरसोशल मीडिया का उपयोग भ्रामक जानकारी फैलाने के लिए करते हैं। ऐसी अफवाहों को न फैलाएँ और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें।
- **शिक्षा का उपयोग**: अपने स्कूल या कॉलेज में सुरक्षा से संबंधित कार्यशालाओं और सेमिनारों में भाग लें। यह आपको आपातकालीन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने में मदद करेगा।

### 2. तकनीक का उपयोग: एक शक्तिशाली हथियार

- आज तकनीक का युग है। विद्यार्थी के रूप में, आप तकनीक का उपयोग करके राष्ट्र की सुरक्षा को मजबूत कर सकते हैं।
- **साइबर सुरक्षा**: साइबर आतंकवाद एक बड़ी चुनौती है। अपने डिजिटल उपकरणों को सुरक्षित रखें, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और अनजान लिंक या ईमेल से बचें।
- डेटा विश्लेषण और तकनीकी नवाचार: अगर आप तकनीक में रुचि रखते हैं, तो डेटा विश्लेषण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (**AI**), और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करें। ये कौशल राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।
- जागरूकता फैलाएँ: तकनीक का उपयोग करके अपने दोस्तों और परिवार को आतंकवाद के खतरों और उनसे बचने के तरीकों के बारे में शिक्षित करें।

### 3. शारीरिक और मानसिक मजबूती

- राष्ट्र की सुरक्षा के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होना जरूरी है। आतंकवाद जैसी घटनाएँ हमें डराने की कोशिश करती हैं, लेकिन हमें इनसे डरने के बजाय इनका सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।
- **शारीरिक फिटनेस**: नियमित व्यायाम और खेलकूद से अपनी शारीरिक क्षमता को बढ़ाएँ। यह न केवल आपको स्वस्थ रखेगा, बल्कि आपातकाल में त्वरित प्रतिक्रिया देने में भी मदद करेगा।
- **मानसिक दृढ़ता**: ध्यान, योग और प्रेरक किताबें पढ़कर अपने मन को मजबूत करें। डर और तनाव को नियंत्रित करने की क्षमता आपको कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने में सक्षम बनाएगी।
- **प्रशिक्षण लें**: अपने स्कूल या कॉलेज में प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्टएड) और आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण लें। यह आपको और दूसरों को आपातकाल में बचाने में मदद करेगा।

## भेदभाव से बचें

### 4. राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव

- आतंकवाद का एक प्रमुख उद्देश्य समाज में विभाजन पैदा करना होता है। विद्यार्थी के रूप में, आप सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देकर इस मंसूबे को नाकाम कर सकते हैं।
- **सभी को जोड़ें**: जाति, धर्म या क्षेत्र के आधार पर भेदभाव से बचें। अपने दोस्तों और सहपाठियों के साथ एकता का संदेश फैलाएँ।
- **सकारात्मक संदेश**: अपने स्कूल या कॉलेज में राष्ट्रीय एकता और शांति से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करें, जैसे नाटक, वाद-विवाद या पोस्टर प्रतियोगिताएँ।
- **स्वयंसेवक बनें**: सामुदायिक सेवा में भाग लें और अपने आसपास के लोगों को एकजुट करने में मदद करें।

### 5. कैरियर के माध्यम से योगदान

- राष्ट्र की सुरक्षा में योगदान देने के लिए आपको सैनिक बनना जरूरी नहीं है। विभिन्न क्षेत्रों में काम करके भी आप देश की सेवा कर सकते हैं।
- **सुरक्षा बलों में शामिल हों**: अगर आपमें जोश और देशभक्ति है, तो सेना, नौसेना, वायुसेना, पुलिस या अर्धसैनिक बलों में शामिल होने पर विचार करें।
- **वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ**: रक्षा अनुसंधान और तकनीकी विकास में योगदान देने के लिए वैज्ञानिक या इंजीनियर बनें।
- **पत्रकारिता और कानून**: पत्रकारिता के माध्यम से जागरूकता फैलाएँ या कानून के क्षेत्र में काम करके आतंकवाद के खिलाफ कानूनी लड़ाई को मजबूत करें।
- आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे बड़ा हथियार है हमारा हौसला। डर को अपने ऊपर हावी न होने दें। हर कठिन परिस्थिति में एक अवसर छिपा होता है। आतंकवाद जैसी घटनाएँ हमें कमजोर करने की कोशिश करती हैं, लेकिन यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इनका डटकर मुकाबला करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से कौन सा खनिज केरल में बहुतायत से मिलता है ?
(ए) टिन
(बी) मैगनीज
(सी) अभ्रक
(डी) मोनाजाईट

**2.** सवैधानिक स्थिति के अनुसार खनिजों पर किसका अधिकार है ?
(ए) राज्य सरकार का
(बी) केंद्र सरकार का
(सी) उर्युक्त दोनों का
(डी) इनमे से कोई नहीं

**3.** नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कोर्प्रेशन ऑफ़ इण्डिया की हीरे की खान कहाँ है ?
(ए) डिगबोई
(बी) जयपुर
(सी) झारसुगुडा
(डी) पन्ना

**4.** भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य एस्बेस्टस का सर्वाधिक उत्पादक है ?
(ए) मध्य प्रदेश
(बी) आंध्र प्रदेश
(सी) कर्नाटक
(डी) राजस्थान

**5.** भारत के प्रथम खनिज नीति कब घोषित हुयी थी ?
(ए) 1951 में
(बी) 1961 में
(सी) 1972 में
(डी) 1976 में

**6.** भारत सरकार द्वारा नई राष्ट्रीय खनिज निति की घोषणा किस वर्ष की गई?
(ए) 1991 ई०
(बी) 1992 ई०
(सी) 1993 ई०
(डी) 2008 ई०

**7.** भारत में टिन का अग्रगण्य उत्पादक है -
(ए) ओडिशा
(बी) मध्यप्रदेश
(सी) झारखण्ड
(डी) छतीसगढ़

**8.** स्वर्ण मुखत्या कहाँ पाया जाता है ?
(ए) पन्ना
(बी) कटनी
(सी) कोलार
(डी) खेतड़ी

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(डी) 4.(डी) 5.(ए) 6.(डी) 7.(डी) 8.(सी)

## रबी फसल की खरीद कार्यों को लेकर डीसी ने ली समीक्षा बैठक

# अब तक 87650 मीट्रिक टन सरसों की सरकारी खरीद
# नकली सरसों के मामले में आढ़ती का लाइसेंस रद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

उपायुक्त डा. विवेक भारती ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में जिले में चल रही रबी फसल की सरकारी खरीद के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली।

इस दौरान उन्होंने खरीद कार्यों से संबंधित आवश्यक दिशानिर्देश भी जारी किए। डीसी ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में अब तक 87650 मीट्रिक टन सरसों की सरकारी खरीद हो चुकी है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि खरीद कार्य के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देश अनुसार सही समय पर किसानों के खाते में उसकी फसल की रकम उनके खाते में पहुंच जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि अब तक जिला महेंद्रगढ़ में 60815 एमटी उठान कार्य हो चुका है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नकली सरसों के संबंध में भी वे अलर्ट रहे।

अगर कोई व्यक्ति इस तरह की हरकत करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए। डीएम रेखा मलिक ने बताया कि रेवाड़ी गोदाम में उतारी जा रही सरसों की जांच करने पर नकली सरसों होने की संदेह हुआ। जिसके नमूने लेकर उसे जांच के लिए स्टेट वेयर हाउस की लैब में भेजा है। जिसकी रिपोर्ट नहीं आ सकी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।


नारनौल। खरीद कार्यों को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते डीसी डा. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा, नगराधीश मंजीत कुमार, डीएफएससी कुशलपाल बूरा, एएफएसओ अरुण कुमार सैनी, डीएम हैफेड प्रवीण भारद्वाज, डीएम वेयर हाउस रेखा मलिक के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### डीएम वेयरहाउस ने कार्रवाई की

डीसी ने बताया कि किसान सेवा केंद्र कनीना का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। इनकी नकली सरसों रेवाड़ी के एचडब्ल्यूसी के गोदाम में पहुंच गई थी। वहां पर पता चला की सरसों नकली है। इस पर डीएम वेयरहाउस ने तुरंत कार्रवाई की और इसके सैंपल निरीक्षण हेतु लैब में भेज दिए हैं। अगर इसमें मिलावट पाई जाती है, तो इस आढ़ती पर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### नकली सरसों रेवाड़ी गोदाम में पकड़ी

**कनीना।** कनीना की नई आनाज मंडी चेलावास में सरसों की खरीद का कार्य भले ही लगभग अंतिम चरण में है, लेकिन खरीद ओर उठान के बाद अब उस पर सवाल उठने लगे हैं। स्टेट वेयर हाउस की ओर से खरीदी गई सरसों का उठान कर रेवाड़ी स्थित वेयर हाउस के गोदाम में भेजा गया। जहां पर सरसों नकली मिलने की संभावना पर जांच कमेटी ने उसके नमूने लेकर लैब में भेजा है। जहां से उसकी रिपोर्ट नहीं आ सकी है। बताया जा रहा है कि सरसों जांच की रिपोर्ट आने तक 960 बैग लदे उक्त वाहन को गोदाम में ही रोका गया है। सरसों का यह वाहन कनीना मंडी की किसान सेवा केंद्र फर्म का बताया गया है। जिसमें नकली सरसों मिलने की संभावना जताई गई है। पानी डालने पर वह मिट्टी का स्वरूप धारण कर रही है, लेकिन इसका खुलासा लैब से रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। मार्केट कमेटी सचिव ने बताया कि फर्म के संचालक की ओर से सरसों को अवैध स्टॉक करने के आरोप में हाल ही में सीएम फलाइंग व कमेटी की संयुक्त टीम ने सेहलंग गोदाम पर छापेमारी कर 2826 क्विंटल सरसों काबू की थी। जिसकी मार्केट फीस, जुर्माना व जीएसटी समेत करीब 19 लाख रुपये की राशि वसूल की गई थी। इतना होने के बाद भी आढ़ती की ओर से सरसों खरीद में जालसाजी की जा रही है। स्टेट वेयर हाउस की प्रबंधक सीमा देवी ने बताया कि सरसों की खरीद कर उसे रेवाड़ी गोदाम में भेजा था। जांच रिपोर्ट में सरसों नकली पाए जाने पर व्यापारी के खिलाफ केस दर्ज कराने सहित आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## केके पूनिया बने अंबेडकर जनजागरण समिति के प्रधान

**कनीना।** डा. भीमराव अंबेडकर जन जागरण समिति के पदाधिकारियों की चुनावी बैठक कनीना में आयोजित की गई। जिसमें चुनाव पर्यवेक्षक दिलीप सिंह एडवोकेट की उपस्थिति में प्रधान केके पूनिया ने आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। इसके बाद शुरू हुई चुनावी प्रक्रिया के दौरान तीसरी बार केके पूनिया को निर्विरोध प्रधान व पवन कुमार को उपप्रधान पद की जिम्मेवारी दी गई। राजेंद्र कपूरी व संजय को महासचिव, बलवीर सिंह तोंदवाल कोषाध्यक्ष, विजयपाल को प्रेस सचिव नियुक्त किया गया। इसके अलावा राकेश तुदवाल को ऑडिटर, डीगराम को मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया। इस मौके पर सूरत सिंह, शेरसिंह, लोकेश, रामेश्वर, सुबेसिंह, जयप्रकाश, मनोज आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सरकार सख्त



**मंडी अटेली।** प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि केंद सरकार का सख्त रूख है। सरकार ने इस संदर्भ में सर्वदलीय बैठक बुलाकर विभिन्न पहलुओं पर मंथन किया है। उन्होंने हमले को पाकिस्तान की कायरतापूर्ण हरकत करार दिया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर शांति और विकास की ओर अग्रसर था, लेकिन यह प्रगति आतंकियों व उनके मौकापरस्तों को रास नहीं आ रही। उन्होंने स्पष्ट किया कि मोदी सरकार आतंकियों को उन्हीं की भाषा में जवाब देगी और किसी भी हालत में उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

### डीपीटी बुस्टर का प्रतिरक्षण पूर्ण करवाएं : सीएमओ

**नारनौल।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में 24 अप्रैल से 30 तक विश्व प्रतिरक्षण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान पांच साल तक के बच्चों के सभी टीके तथा बुस्टर प्रतिरक्षण पूर्ण करवाए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए सीएमओ डॉक्टर अशोक कुमार ने बताया कि इस श्रेणी के बच्चों को टीके, डीपीटी बुस्टर टीडी10, टीडी16 तथा ड्रॉप आउट का प्रतिरक्षण पूर्ण करवाया जाएगा। प्रथम वी द्वितीय डोज पर विशेष ध्यान दिया जाना है, ताकि फुली इम्यूनाइजेशन 95 प्रतिशत हो सके।

### जिला महेंद्रगढ़ में बनेंगे नीट के 8 परीक्षा केंद्र

**नारनौल।** मेडिकल व डेंटल कॉलेजों में एमबीबीएस तथा बीडीएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली नीट (नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट) प्रवेश परीक्षा को लेकर शुक्रवार को शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न राज्यों के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक की। यह परीक्षा आगामी चार मई को आयोजित की जाएगी। इस बैठक के बाद उपायुक्त डा. विवेक भारती तथा पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। डीसी ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में नीट परीक्षा के लिए कुल आठ केंद्र बनाए गए हैं। इनमें पांच नारनौल तथा तीन महेंद्रगढ़ में स्थापित किए जाएंगे।

## आज से मौसम में बदलाव की संभावना, आसमान में छाए रह सकते हैं बादल

# एक सप्ताह बाद पारा फिर 42 डिग्री पार
# हीटवेव कर रहीं लोगों को परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

लगभग एक सप्ताह बाद गर्मी ने एक बार फिर लोगों का जमकर पसीना छुड़ाया। तापमान 42 डिग्री के पार चला गया, जिससे दोपहर तक भारी गर्मी का सामना करना पड़ा। शनिवार से दो दिन तक मौसम परिवर्तनशील बना रह सकता है। इस दौरान आसमान में बादल छाने व कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी के आसार नजर आ रहे हैं।

शुक्रवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। तेज धूप खिलने के कारण सुबह 10 बजे के बाद गर्मी ने पसीने छुड़ाने शुरू कर दिए। अधिकतम तापमान 1 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 42.5 डिग्री पर आ गया। इससे पूर्व 18 अप्रैल को तापमान इस स्तर पर पहुंच गया था। न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 22.5 डिग्री पर पहुंच गया। तीन दिन से रात का तापमान 20 डिग्री से कम रहने के कारण देर रात से लेकर सुबह तक मौसम से गर्मी का असर गायब रहता था। अब रात के समय भी गर्मी ने परेशान करना शुरू कर दिया। दिन में भारी गर्मी का जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा। दोपहर बाद तक बाजार से लेकर सड़क तक लोगों की भीड़ कम देखने को मिली। तापमान बढ़ने की सूरत में लोग घरों से बाहर निकलना पसंद नहीं करते। सुबह और शाम के समय ही लोग बाजार की ओर कदम बढ़ाते हैं। दोपहर के समय दुकानदार अपनी दुकानों में बैठकर आराम फरमाते हैं, जिससे उनका धंधा भी प्रभावित होता है।

शुक्रवार को शाम के समय आसमान में आंशिक बादल छाने शुरू हो गए थे, जिससे मौसम में बदलाव के संकेत मिले हैं।


रेवाड़ी। शुक्रवार सायं आसमान में छाए आंशिक बादल। फोटो : हरिभूमि

### आज से तापमान में गिरावट की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से शनिवार को आसमान में आंशिक या घने बादल छा सकते हैं। इस दौरान कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी भी हो सकती है। अगले दो दिनों तक मौसम परिवर्तनशील बना रह सकता है। तीन-चार दिनों तक तापमान में गिरावट भी दर्ज की जा सकती है, जिससे लोगों को भारी गर्मी से कुछ हद तक राहत मिल सकती है। दूसरी ओर भारी गर्मी शुरू होते ही बिजली की मांग एक बार फिर 75 लाख यूनिट के पार हो गई।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव अटेली मंडी में कल मनेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंडी अटेली

भगवान परशुराम गौड़ ब्राह्मण सभा अटेली मंडी के कार्यालय में कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसमें पहलगाम में आतंकवादियों की ओर से की गई हत्या के शोक में मौन रखा गया एवं उनको श्रद्धांजलि दी गई। समाज के सभी लोगों को परशुराम जी की नीतियों से अवगत कराया, जिस प्रकार से भगवान परशुराम ने दुष्टों का संहार किया था, इस प्रकार से आतंकवादियों को नष्ट करने के बारे में बातें हुई।

इसके बाद 27 अप्रैल को होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव के बारे में चर्चा हुई। पहले से निश्चित इस कार्यक्रम को 27 अप्रैल को अटेली के श्रीराधा कृष्ण मंदिर में अटेली ब्लॉक के सभी गांव के ब्राह्मण भाइयों के सहयोग से मनाने का निश्चय लिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामविलास शर्मा, एलसी जोशी, आदेश शर्मा, बुद्धि प्रकाश, राकेश मेहता, योगेंद्र शर्मा, राकेश शर्मा, गोविंद प्रसाद भारद्वाज, रेणुका पंडित, राकेश शर्मा मौजूद रहेंगे। भगवान परशुराम जी का सुबह सात बजे हवन किया जाएगा। इसके पश्चात सुबह आठ बजे शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 11 बजे प्रतिभा सम्मान समारोह होगा और दोपहर एक बजे प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस बैठक में रामानंद रामपुर, प्रवीण रामपुर, धर्मेंद्र वशिष्ठ, राजेश कौशिक, आलोक कौशिक, दीपक कौशिक, अरविंद कौशिक, ईश्वर जोशी, सुनील आदि मौजूद थे।

**भगवान परशुराम गौड़ ब्राह्मण सभा अटेली मंडी के कार्यालय में कार्यकारिणी की बैठक**

# समाधान शिविरों में हर शिकायत पर गंभीरता से हो रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार लगाए जा रहे समाधान शिविरों में प्रत्येक शिकायत पर जिला प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ कार्य करता है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने इस सप्ताह सोमवार व वीरवार को लगाए गए समाधान शिवरों में आई शिकायतों की समीक्षा बैठक ली। एडीसी ने कहा कि आम जनता को सोमवार व वीरवार को उपमंडल स्तर तथा जिला स्तर पर लगने वाले समाधान शिवरों में अपनी शिकायतें रखने का बहुत अच्छा प्लेटफार्म मिला है। ऐसे में अधिकारी प्रत्येक समस्या को पूरी गंभीरता के साथ समझें तथा उसका निश्चित अवधि के दौरान निराकरण भी करें। उन्होंने बारी बारी से सभी विभागों के अधिकारियों से इस सप्ताह आई समस्याओं के निराकरण के बारे में रिपोर्ट ली।


अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी डा. आनंद कुमार शर्मा।

# नपा ने वार्ड नंबर एक में चलाया सफाई अभियान

- वार्ड में गलियों, नालियों और सड़कों की सफाई की गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर पालिका ने शहर के वार्ड नंबर-एक में सफाई अभियान चलाया। अभियान के तहत वार्ड में गलियों, नालियों व सड़कों की सफाई की गई। इस दौरान कर्मचारियों ने फ्रैंडस कॉलोनी, छाजूपुरम कॉलोनी व कर्मचारी कॉलोनी में सफाई की गई।

नगर पालिका सचिव अनिल कुमार ने कहा कि सफाई अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक करना है। लोगों की भागीदारी से ही शहर को गंदगी से मुक्त किया जा सकता है। शहर के विभिन्न वार्डों में सफाई कर लोगों को अभियान के साथ जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि सफाई हमारे स्वस्थ्य का आधार स्तंभ है। घरों आसपास नियमित रूप से सफाई करने से बीमारियां नहीं फैलती हैं। लोगों को कचरा सड़क अथवा गली में डालने के स्थान पर डस्टबीन में एकत्रित करके नगर पालिका के डोर-टू-डोर वाहन में डालना चाहिए, ताकि शहर की सड़कों पर गंदगी ने फैले। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को सभी वार्डों में नियमित रूप से गलियों एवं नालियों की सफाई करने के निर्देश दिए और कहा कि आसपास सफाई रहेगी तो हम सभी स्वस्थ रहेंगे। इस मौके पर सफाई दरोगा रिंकू उर्फ सुमित, पार्षद संजय राठी आदि उपस्थित रहे।


महेंद्रगढ़। वार्ड की सफाई करते नपा कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# सड़क पर कूड़ा डालने वाले 4 नागरिकों के काटे चालान

- शहरों में सघन सफाई अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला नगर आयुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा की देखरेख में शुक्रवार को जिले के सभी शहरों में सघन सफाई अभियान चलाया गया। डीएमसी ने सुबह खुद महावीर चौक से इस अभियान की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने दुकानों के बाहर सड़क पर कूड़ा डालने वाले दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी। इसके अलावा सड़क पर कूड़ा डालने वाले चार नागरिकों के चालान काटे। इस अभियान के दौरान सभी शहरों में विभिन्न सामाजिक संगठनों तथा पार्षदों ने मिलकर सड़कों और नालियों में सफाई की। डीएमसी ने बताया कि यह अभियान लगातार 10 दिन तक चलाया जाएगा।

इस दौरान लगातार गलियों तथा सार्वजनिक स्थानों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी वार्डों में संबंधित सफाई दरोगा के नंबर भी सभी पार्षदों को दिए गए हैं, ताकि अगर किसी प्रकार की सफाई से संबंधित दिक्कत हो तो उनसे संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया है कि वह इस सफाई अभियान में जिला प्रशासन का साथ दें। शहर को साफ सुथरा रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी बनती है।


नारनौल। महावीर चौक पर सफाई अभियान की शुरुआत करते एडीसी आनंद कुमार शर्मा। फोटो : हरिभूमि

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च निकाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंडी अटेली

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में सैलानियों पर हुए आतंकी हमले में दिवंगत सैलानियों की आत्मा की शांति के लिए अटेली खेल संघर्ष समिति और मॉडल संस्कृति स्कूल अटेली के तत्वाधान में बीती रात्रि अटेली में कैंडल मार्च निकाला।

सभी ने एक स्वर में आतंकवादी हमले की निंदा की एवं कठोर से कठोर कार्रवाई करने की मांग केंद्र सरकार से की। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव पीए विकास यादव, अटेली मंडल के अध्यक्ष मुकेश गणियार, मास्टर रामसिंह, हरीश यादव व ललित डाबड़कोच सहित अन्य भाजपा नेताओं ने हमले की कठोर शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि आतंकवादी घटना के विरोध में पूरा देश एकजुट है। भाजपा नेताओं ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदना प्रकट की। इस मौके पर तेजप्रकाश, दीपक यादव, मुकेश कुमार, पवन कोच, प्रदीप तिगरा, प्रदीप सैनी, भूपेश कटारिया, अशोक मंत्री, अनिल कमांडो के अलावा सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।


मंडी अटेली। पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च निकलते हुए।

# इस वर्ष अभी तक नहीं मिला कोई मलेरिया संक्रमित मरीज: सिविल सर्जन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

जिले में शुक्रवार विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। नारनौल शहर में मोहल्ला रावका स्थित स्प्रिंग फील्ड स्कूल में मलेरिया दिवस मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य भीमसेन शर्मा ने की। स्वास्थ विभाग की टीम ने वहां जाकर विद्यार्थियों को मलेरिया के कारण, बचाव और ईलाज के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से हेल्थ टॉक की और पैंपलेट बांटे।

सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में मलेरिया का इस वर्ष अभी तक कोई संक्रमित मरीज नहीं मिला है, जबकि पिछले वर्ष पांच संक्रमित मरीज मिले थे। जिले में मलेरिया पूरी तरह नियंत्रण में है और विभाग किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने लोगों से प्रत्येक रविवार को ड्राई डे के रूप में मनाने की अपील करते हुए कहा कि हमें अपने घरों के आसपास पानी इकठ्ठा नहीं होने देना चाहिए। पानी के बर्तनों और कूलर आदि को हफ्ते में एकबार साफ करके सूखाने के बाद ही इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिले की प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था में मलेरिया बुखार की जांच और उपचार निःशुल्क उपलब्ध है।



नारनौल। स्प्रिंग फील्ड स्कूल में मलेरिया दिवस मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### मलेरिया के प्रति कर रहे लोगों को जागरूक

*मलेरिया डे पर इंचार्ज डॉ. मनीष यादव ने बताया कि जिले में 152 टीमें डोर टू डोर अभियान चलाकर लोगों को मलेरिया के प्रति जागरूक कर रही हैं और बुखार के मरीजों की जांच कर रही हैं। पंपलेट, ग्रुप मीटिंग, हेल्थ टॉक, नुक्कड़ सभा आदि के माध्यम से और जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेकर लोगों को मलेरिया बुखार के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 782225 घरों में 31308 बुखार के मरीजों की जांच की जा चुकी है, जिसमे मलेरिया संक्रमित कोई मरीज नही मिला है। अभी तक जिले में छह घरों में लारवा पाया गया, जिनको नोटिस दिए गए हैं।*

### बुखार आने पर रक्त की जांच करवाएं

डॉ. यादव ने बताया कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। इसलिए बुखार आने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में अपने रक्त की जांच करवाएं। तेज बुखार होना, सर्दी के साथ कंपन होना, सिर दर्द और उल्टी होना, बुखार का बार-बार आना आदि इसके लक्षण हो सकते हैं। इसलिए यदि यह लक्षण हों तो तुरंत रक्त की जांच करवाए और उपचार लें। इस अवसर पर बलवान सिंह, मनमोहन, भारत शर्मा, पूजा, मुकेश यादव, सतीश कुमार, दिनेश शर्मा, संजय कुमार, महेश, अजय व मनोज सहित नारनौल अर्बन की टीम मौजूद रही।




## कांग्रेस कमेटी ने कैंडल मार्च निकालकर दी पहलगाम मृतकों को श्रद्धांजलि

**नारनौल।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु महावीर चौक में शुक्रवार शाम शांतिपूर्ण एवं भावनात्मक कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई जिला महेंद्रगढ़ महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष डॉ. राजवती ने की। स्थानीय नागरिकों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं, महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठ नेताओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर शहीद पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और आतंकवाद के खिलाफ अपनी एकजुटता प्रकट की।

**सूचना**

मैं, रूप चन्द पुत्र हुकम चंद निवासी गुड़ियानी तह कोसली जिला रेवाड़ी हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा सगा पुत्र प्रदीप कुमार तथा उसकी पत्नी पूनम रानी मेरे व परिवार के कहने सुनने से बाहर है तथा हमारी कोई सेवा-टहल नहीं करते हैं। मैं इन दोनों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरा या मेरे परिवार का इन दोनों से कोई वास्ता नहीं रहेगा। यदि ये दोनों किसी व्यक्ति के साथ कोई लेन-देन अथवा व्यवहार करते हैं तो स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### शहर के कई संगठनों ने आंतकियों को मिटाने की मांग पर निकाले जुलूस

# एक स्वर में गूंज रही आतंक को कुचलने की मांग, आतंकियों के खिलाफ रोष प्रदर्शन जारी

कई हिंदू संगठनों से लेकर व्यापारिक संगठनों तक ने विरोध जुलूस निकालते हुए आतंकवादियों को कड़ा सबक सिखाने की मांग दोहराई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। फोटो-शहर में प्रदर्शन करते हुए सर्व समाज के लोग व बैठक के बाद मौजूद व्यापारी। फोटो : हरिभूमि

गत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद हर वर्ग के लोगों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। एक स्वर में आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने की मांग उठ रही है। शहर में हमले के विरोध में प्रदर्शनों का सिलसिला लगातार चल रहा है। शुक्रवार को कई हिंदू संगठनों से लेकर व्यापारिक संगठनों तक ने विरोध जुलूस निकालते हुए आतंकवादियों को कड़ा सबक सिखाने की मांग दोहराई। संयुक्त व्यापार संगठन के तत्वावधान में नगर के व्यापारी संगठनों की एक आवश्यक बैठक बुलाई गई। मोती चौक व्यापार संगठन के प्रधान पुरूषोतम दास कोसली वाले की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा आतंकवाद की इस दुर्दान्त घटना से पूरा देष स्तब्ध है। धर्म पूछकर गोली मारने को देख कर लग रहा है कि आतंकवाद अपने चरम पर आ चुका है। वक्ताओं ने मांग की कि ऐसे में सरकार को आतंकवाद को कुचलने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए। जिससे देष के नागरिकों का विष्वास बहाल हो सके। मांग की कि रेवाड़ी में भी तेज गति से बहुत से अंजान चेहरे आ रहे है। इससे आने वाले समय में रेवाड़ी में कोई आतंकवाद की घटना न होने पाये। कार्यक्रम में मुख्यतः जिला व्यापार मंडल प्रधान रत्नेष बंसल, रमेष मितल, जिला व्यापार मंडल सदस्य अनिल अरनेजा, विजय गुप्ता, दिनेष कपूर, अजय जुनेजा, सुरेन्द्र सोनी, काठ मंडी प्रधान विकास गुप्ता, गोकल बाजार ट्रेडर्स एसोसिएषन प्रधान विपिन अग्रवाल, राजकुमार सैनी, गुड बाजार प्रधान बबलू जैन, स्वर्णकार प्रधान संजय बत्रा, प्रधान नीरज सोनी, सोम प्रधान, पंजाबी मार्केट प्रधान सरदार बलबीर सिंह, पोस्ट आर्फिस मार्केट प्रधान सुधीर यादव, बाहदुर सैनी, मनीच चराया, दीपेष भार्गव, हरीष सैनी, भाड़ावास रोड एसोसिएषन धीरज शर्मा, संतोष सैनी, ब्रास मार्केट प्रधान नीरज गुप्ता, राजीव आहूजए गोकल बाजार प्रधान सुभाष अग्रवाल, प्रीतम आदि मौजूद रहे।

### विदेशियों को खदेड़ने के लिए उठाई मांग

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल, हिन्दू युवा वाहिनी, गौ रक्षा दल, हिन्दू जागरण मंच, गो क्रांति गोशाला, गौ उपचारशाला बावल, पतंजलि समिति, आर्य समाज, शिव सेना, परशुराम शिक्षा समिति, भारत रक्षा मंच, पूर्व सैनिक समिति, श्रीराम सेना वाहिनी व अन्य संघठनों सहित बड़ी संख्या में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मांग की गई कि सीएम नायब सिंह सैनी जिले में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी, रोहिंग्या व पाकिस्तानी नागरिकों का पता लगाकर उन्हें तुरंत देश से बाहर निकालने की व्यवस्था करें। सर्व समाज के बैनर तले आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सीएम की ओर से पूर्व में ऐसे विदेशी नागरिकों की पहचान करते हुए उनके खिलाफ एक्शन लेने के आदेश दिए गए थे, परंतु प्रशासन की ओर से सख्ती से काम नहीं लिया गया। सर्व समाज के लोगों ने डीसी के मार्फत सीएम को ज्ञापन भेजकर कई मांगे उठाई हैं।

### यह उठाई सर्व समाज के लोगों ने मांग

- 1. रेवाड़ी में लगभग एक लाख बाहरी मुसलमान रह रहे हैं जिनमें से अधिकांश के पास कोई आईडी प्रूफ नहीं है कुछ के पास है भी तो वो फर्जी है । अतः सभी की बायोमेट्रिक जांच की जाए।
- 2. सबसे ज्यादा बांग्लादेशी या तो कबाड़े का काम करते हैं या ईट भट्टों पर काम करते हैं। अतः आपसे निवेदन है कि सबसे पहले इन कबाड़ियों और ईट भट्टा मजदूरों की जांच की जानी चाहिए। यदि कोई भट्टा मालिक इनको संरक्षण देता मिले तो उस भट्टे का लाइसेंस रद्द किया जाए।
- 3. प्रायः यह देखने को मिला है कि अधिकांश मुसलमान हिन्दू नाम बदलकर हिन्दू आई डी के साथ रहते हैं। ऐसा करने वालों को भी कानूनी रूप से सजा दी जाए ।
- 4. जो हिन्दू किराए के लालच में इन घुसपैठियों को मकान किराए पर देता है उसको भी चेतावनी दी जाए यदि फिर भी ना माने तो उपयुक्त कार्यवाही अमल में लायी जावे। यदि कोई सरकारी कर्मचारी ऐसा करता पाया जाए तो उसको नौकरी से निकाला जाए और सजा भी हो।
- 5. मकान मालिक अपने यहां किराए पर रखने वाले हर बाहरी व्यक्ति की पुलिस वेरिफिकेशन स्वयं पुलिस चौकी जाकर करवाए। ऐसा ना करने पर उस पर भी कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए।
- 6. प्रायः यह देखने को मिला है कि फेरी वाले सामान बेचने के लिए बिना नम्बर की इरी और बिना आईडी के आते हैं उन पर भी उपयुक्त कानूनी कार्यवाही हो।
- 7. जिला प्रशासन कुछ नंबर सार्वजनिक करे जिससे आम जनता रोहिंग्याओं के बारे में प्रशासन को सूचित कर सके।
- 8. यदि जिला प्रशासन इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाता है तो 15 दिन बाद हिन्दू समाज मजबूर होकर इस दिशा में किसी भी प्रकार का कदम उठाता है तो इसके लिए शासन और प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा।



रेवाड़ी। सीटीएम को ज्ञापन देते पंजाबी वर्ग के व्यापारी।

## पंजाबी व्यापारियों ने पीएम के नाम का ज्ञापन एडीसी को सौंपा

- हम भारत के जागरूक नागरिक होने के नाते जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हाल ही में हुए कायराना आतंकी हमले की कड़े शब्दों में कर रहे हैं निंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

पंजाबी मार्किट वेलफेयर एसोसिएशन, रेवाड़ी के सभी व्यापारियों ने जिले की सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति रावत की मार्फत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजकर पहलगाम के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि हम भारत के जागरूक नागरिक होने के नाते जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हाल ही में हुए कायराना आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। इस हमले में हमारे बहादुर जवानों की शहादत तथा नागरिकों की जानमाल की हानि ने सम्पूर्ण देश को आक्रोशित कर दिया है। यह स्पष्ट है कि इस हमले के पीछे पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का हाथ है, जो लगातार भारत की संप्रभुता और आंतरिक शांति को चुनौती देता आ रहा है। बार-बार चेतावनी के बावजूद पाकिस्तान की भूमि से संचालित आतंकी गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

### ज्ञापन में यह मांगें उठाई

पाकिस्तान को कूटनीतिक एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर घेरते हुए आतंकवाद को प्रायोजित करने के आरोप में कठोर कार्यवाही की जाए। इस हमले का मुंहतोड़ जवाब देने हेतु आवश्यक सैन्य, कूटनीतिक व आर्थिक कदम उठाए जाएं। देश की आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु सीमावर्ती क्षेत्रों में सतर्कता और गश्त को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। शहीद जवानों के परिवारों को उचित सम्मान और सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि सभी सरकार से इस बात की अपेक्षा कर रहे हैं कि आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जल्द की जाए।

### खबर संक्षेप

#### तेल चोरी के मामले में एक और आरोपी धरा

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने टैंकरों से तेल चोरी करके राजस्थान में बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व पुलिस ने तेल चोरी करने के आरोप में दो लोगों को काबू किया था। गत 5 फरवरी को पुलिस ने बिठवाना में छापा मारकर बिठवाना में रह रहे गुरूग्राम के कादरपुर निवासी विरेंद्र व राजस्थान के मोथूका पाटन निवासी सुरेंद्र को टैंकरों से चोरी किए गए तेल के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी को मौके पर बुलाकर सैंपलिंग कराते हुए चोरी व आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था। तीसरे आरोपी राजकुमार को दबोचा है।

## बाइक चोरी में आठवां आरोपी धरा

- पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान आरोपी को धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। बाइक चोरी के आरोप में काबू किया गया आरोपी।

थाना रोहड़ाई पुलिस ने 29 जनवरी को पकड़ी गई चोरी की बाइक के मामले में आठवें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इससे पूर्व इस मामले में पुलिस सात आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान पाल्हवास चौक पर एक संदेहजनक बाइक रुकवाई थी। बाइक को टूमना निवासी रामपाल चला रहा था। पूछताछ के दौरान वह बाइक के कागजात नहीं दिखा सका था। उसने पुलिस को बताया था कि यह बाइक उसने अपनी मौसी के लड़के पटौदी निवासी जोगेश से 6 हजार रुपये में खरीदी थी। बाद में पुलिस ने जोगेश को गिरफ्तार किया तो उसने गुरूग्राम के गदाईपुर निवासी महेश से बाइक लेने की बात स्वीकार की थी। महेश ने बाइक अपने दोस्त गौरव व विजय से लेने की बात कही। पुलिस बाइक की खरीद-फारोख्त करने वाले आरोपियों को एक के बाद एक करके गिरफ्तार करती रही। इस इस मामले में भिवानी के कलिंगा निवासी अश्वनी को गिरफ्तार किया गया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

## 120 मीटर रोड की रि-एलाइमेंट नहीं होने के विरोध में धरना शुरू

- पीवरी की ढाणी में रहने वाले लोग बोले-रिलीज की गई भूमि पर बनाया जा रहा रोड-कर्नल राम सिंह चौक पर धरने पर बैठे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

शहर के कर्नल राम सिंह चौक से सीधे दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे संख्या-48 को जोड़ने वाला साढ़े चार किलोमीटर लंबे 120 मीटर (वीटू) रोड का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। 70 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। लेकिन पीवरा की ढाणी के लोग रोड की रि-एलाइमेंट नहीं होने से इसके विरोध में आ गए है। जिसके चलते कर्नल राम सिंह चौक पर धरना भी शुरू कर दिया है। आरोप है कि रिलीज किए गए मकानों के बीच से यह रोड निकाला जा रहा है। जबकि वह रिलीज की गई जमीन का इडीसी चार्ज तक एचएसएवीपी के संपदा अधिकारी के कार्यालय में जमा करा चुके है।

दरअसल, 2021 के मास्टर प्लान में यह 60 मीटर का रोड बनना था। मगर बाद में 2031 के मास्टर प्लान में इसे 120 मीटर चौड़ा कर दिया गया। 120 मीटर का यह रोड शहर को नेशनल हाईवे संख्या-48 से सबसे कम दूरी से जोड़ने वाला साढ़ चार किलोमीटर लंबा रोड है। धरने पर बैठे पीवरा की ढाणी के रहने वाले राजेंद्र यादव ने बताया कि जब इस रोड को 60 मीटर से बढ़ाकर 120 मीटर चौड़ा करने का प्रस्ताव बना तो उसमें दोनों तरफ 30-30 मीटर बढ़ना था। राजेंद्र का आरोप है कि बिल्डर के निजी फायदे के लिए इसे उत्तर की तरफ ही 60 मीटर बढ़ा दिया गया। जो बिल्कुल गलत है। क्योंकि उत्तर की तरफ आबादी बसी हुई है।

### रोड चौड़ाकरण दक्षिण की तरफ करें

राजेंद्र ने बताया कि हमारे रिहायशी मकान सेक्टर-20 पार्ट-एक काफी समय पहले ही धारा 48 के तहत सरकार द्वारा रिलीज कर दिए गए थे। राजेंद्र ने बताया कि हमारे पास भूमि अधिग्रहण अधिकारी का 2015 का वो पत्र भी है, जिसमें साफ लिखा है कि अगर भविष्य में रोड को चौड़ा करना पड़ा तो उत्तर की बजाए दक्षिण में बढ़ाया जाएगा, क्योंकि उत्तर में आबादी है। पीवरा की ढाणी में करीब आठ एकड़ ऐसी जमीन है, जिसपर 200 से ज्यादा घर बने हुए है। जब उत्तर की तरफ रोड की चौड़ाई बढ़ाने का पता चला तो उन्होंने रि-एलाइमेंट की मांग भी की थी। लेकिन उस पर कुछ नहीं हुआ और जो मकान रिलीज किए गए थे अब उनके बीच से यह रोड निकाला जा रहा है। धरने पर बैठे लोगों में रामकिशन बसेरा, धनपत सिंह बडसेरा, सुनील राव, सतबीर सिंह, धर्मेंद्र, राजेंद्र व पूर्ण चंद के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

### बाइक चोरी मामले में एक और आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** धारूहेड़ा थाना पुलिस ने बाइक चोरी मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। गत वर्ष 22 मई को नंदरामपुर बास निवासी सचिन की बाइक बस स्टैंड के पास से चोरी हो गई थी। पुलिस ने बाइक चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने बाइक चोरी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। उनके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की गई थी। इस मामले में पुलिस ने एक और आरोपी राजस्थान के रामबास झोपड़ी निवासी श्रवण कुमार उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

## पीईबी ने किए पहलगाम के मृतकों को श्रद्धासुमन अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

- पाकिस्तान की कड़े शब्दों में निंदा की और पीएम मोदी से पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाने की फिर भारत की तरफ ऐसा न सोचे

कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियो द्वारा मारे गए निर्दोष हिन्दुओ की स्मृति में वीरवार को पब्लिक एजुकेशन बोर्ड की और से केएलपी कॉलेज के ऑडिटोरियम में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा मे सभी वक्ताओं ने मारे गए हिन्दुओं को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए पाकिस्तान की कड़े शब्दों में निंदा की व पीएम मोदी से पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाने की अपील की ताकि वह दुबारा से ऐसी घटना के बारे में सपने में भी न सोच सके। सभा के अंत मे 2 मिनट का मौन रख दिवंगत मर्त्तकों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालो में मुख्य रूप से पीईबी के प्रधान अशोक सोमाणी, अजय गोटेवाले, रिपुदमन गुप्ता, अरविंद गुप्ता, मुकेश भटवाला, अनिल रस्तोगी, मोहन लाल गुप्ता, अमित गुप्ता, डॉ कविता गुप्ता, डॉ दलबीरसिंह, डॉ चिराग नागपाल, संगीता यादव, व बोर्ड के अधीन केएलपी कॉलेज, सतीश बीएड कॉलेज, आरडीएस पब्लिक गर्ल्स कॉलेज व सतीश पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का समस्त स्टाफ शामिल थे।




रेवाड़ी। मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रबुद्ध लोग।

## पाकिस्तान को देना होगा कड़ा जवाबः कैप्टन अजय

**रेवाड़ी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों की हत्या करने के विरोध में रेवाड़ी में कांग्रेस ने पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव के निवास स्थान से शास्त्री चौक तक कैंडल मार्च निकाला। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही आतंकी घटना की निंदा की। पहलगाम में हुए आतंकी हमले की पूरा देश कड़ी निंदा करता है। इस घटना से देशभर में आक्रोश है। सरकार को आतंकवाद पर पाकिस्तान को कड़ा जवाब देना होगा और उन मौका परस्त लोगों को ऐसा सबक सिखाना होगा कि अगर कोई भारत या भारत के लोगों पर टेढ़ी निगाहों से देखेगा तो उसका भी हश्र यही होगा। पाकिस्तान की इस करतूत से देश के लोगों में बेहद आक्रोश है, देश के लोग गमगीन हैं। आतंकी हमले में मारे गए लोगों की मौत का बदला लेना चाहता है।



रेवाड़ी। शास्त्री चौक पर मौजूद कैप्टन अजय यादव समर्थक।

**निर्देश** नए एसपी ने गोष्ठी में की कानून-व्यवस्था पर समीक्षा

# जिले में क्राइम कंट्रोल करने के लिए कड़े दिशा निर्देश दिए

- अपराधी को न बख्शा जाए पीड़ित को तत्पर न्याय दिलाने की प्राथमिकता के आधार पर करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला लघु सचिवालय रेवाड़ी के सभागार में जिला स्तरीय अपराध व कानून एवं व्यवस्था की समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी डीएसपी, सभी इंचार्ज क्राइम यूनिट, सभी थाना प्रबंधक और चौकी इंचार्जों से रूबरू हुए और सभी से जिले की सुरक्षा संबंधी जानकारी लेकर क्राइम कंट्रोल करने के लिए कड़े दिशा निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराध तथा अपराधियों व गैरकानूनी धंधा करने वालों से सख्ती से निपटे, किसी भी हाल में अपराधी को न बख्शा जाए पीड़ित को तत्पर न्याय दिलाने की प्राथमिकता के आधार पर करें कार्यवाही। उन्होंने कहा कि पुलिस की नौकरी समाज सेवा का एक बेहतरीन माध्यम है इसलिए सेवा, सुरक्षा और सहयोग को अपना परम दायित्व मानते हुए सराहनीय कार्य कर समाज में पुलिस की बेहतर छवि के लिए कार्य करें। थाने में आनी वाली प्रत्येक शिकायत का विधिवत रूप से इंद्राज कर शिकायतकर्ता को उसकी रसीद देना सुनिश्चित करे व उस पर तुरंत कार्रवाई करे। साथ ही उन्होंने नशे की बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं

एसपी ने कहा कि थाने में आने वाले सभी आमजन/पीड़ित से अच्छी तरह से बोलचाल की जाए व उसके साथ मधुर व्यवहार किया जाए। अच्छा कार्य करने वाले प्रत्येक पुलिस कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा और लापरवाही करने वाले कर्मचारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल मिलाई जाएगी। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा, सभी जीरो टॉलरेंस पर नेक नियति, ईमानदारी से काम करें।

### महिला अपराध पर हो कार्रवाई

मीणा ने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों को गंभीरता से ले और तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी से बचने के लिए आमजन को जागरूक करें। मीटिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना एवं क्राइम यूनिट प्रभारियों से कहा की नशा के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में और तेजी लाएं तथा विभिन्न प्रकार के नशा बेचने वालों की जन सहयोग से सूचना प्राप्त कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें तथा मादक पदार्थ तस्करी के मुख्य स्रोत तक शिकंजा कसें।

### समय-समय पर होगी समीक्षा

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि समय समय पर थाना एवं क्राइम यूनिट प्रभारियों के कामकाज की समीक्षा की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी अपराध के घटित होने पर तत्काल कार्रवाई करें ताकि कोई घटना बड़ा मुद्दा ना बन पाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराध और अपराधियों खिलाफ शिकंजा कसने के लिए नए लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें पूरा करें। उन्होंने एसएचओ ट्रैफिक को निर्देश दिए कि वह ट्रैफिक पर विशेष ध्यान देकर जाम की स्थिति पैदा न होने दें।

### यह अधिकारी रहे गोष्ठी में मौजूद

इस अवसर पर डीएसपी हेडक्वार्टर डॉ रविन्द्र सिंह, डीएसपी बावल श्री सुरेन्द्र श्योराण, डीएसपी कोसली श्री विद्यानंद, डीएसपी ट्रैफिक विनोद शंकर सहित सभी थाना प्रबन्धक, सभी चौक इन्चार्ज, सभी क्राइम यूनिट इन्चार्ज व सभी इन्चार्ज कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी मौजूद रहे।